भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण
Telecom Regulatory Authority of India
वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, छठा तल, टावर-एफ, नौरोजी नगर, नई दिल्ली-110029
World Trade Centre, 6th Floor, Tower-F, Nauroji Nagar New Delhi – 110029

सत्यमेव जयते

भादूविप्रा
TRAI

**संख्याः 1-12/2025 - मानव संसाधन** **दिनांकः 31 दिसम्बर, 2025**

**प्रेषितिः-**

**भारत सरकार/राज्य सरकार के सभी मंत्रालय / विभाग,**
**सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, सांविधिक एवं स्वायत्त निकाय**
(संलग्न सूची के अनुसारः ई-मेल द्वारा)

**विषयः भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (मुख्यालय), नई दिल्ली में प्रतिनियुक्ति की अन्यत्र सेवा शर्तों के आधार पर संयुक्त सलाहकार के पद को भरने के संबंध में संसोधित परिपत्र।**

**संदर्भः रिक्ति परिपत्र संख्या 1-12/2025 दिनांक 18 नवंबर 2025**

महोदय,

2. भादूविप्रा के **रिक्ति परिपत्र संख्या 1-12/2025 दिनांक 18 नवंबर 2025 के संदर्भ मे जिसमे** भादूविप्रा **मुख्यालय, नई दिल्ली में प्रतिनियुक्ति की अन्यत्र सेवा शर्तों के आधार पर संयुक्त सलाहकार** के पद को भरने हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित किए गए थे। **इस संबंध मे संसोधित योग्यता एवं अनुभव आदि के विवरण नीचे दिये गये अनुसार हैः-**

| पात्रता की शर्तें | योग्यता |
|---|---|
| केंद्रीय सरकार या राज्य सरकारों या संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों या स्वायत्त निकयों या कानूनी संगठनों पब्लिक सेक्टर उपकर्मों या मान्यता प्राप्त विश्वविदलयों अथवा मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थाओ के ऐसे अधिकारी–<br>(क) (i) जिन्होंने मूल काडर या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किया हुया है ; या<br>(ii) जिन्होंने मूल काडर या विभाग में वेतन मैट्रिकस मे स्तर-12 (78800-209200 रू ) या समतुल्य में नियमित आधार पर उस पद पर नियुक्ति के पश्चात उस श्रेणी मे चार वर्ष सेवा की हो<br>(iii) जिन्होने समूह 'क' या समतुल्य में बारह वर्ष से नियमित सेवा कि हो, और स्तर-11 या समतुल्य में नियमित आधार पर छह वर्ष से अनधिक के लिए पद धारण किया हो। | जो सुसंगत क्षेत्र में अनुभव रखते हों और जिनके पास निम्नलिखित एक या अधिक शैक्षिक अर्हताएं हो अर्थात:-<br>(i) अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग, और/या दूरसंचार इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल या इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग, सूचना प्रौद्योगिकी या कंप्यूटर विज्ञान इंजीनियरिंग मे बेचलर डिग्री; या<br>(ii) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से कारबार प्रशासन या अर्थशास्त्र या वाणिज्य या इंजीनियरिंग या विधि या विज्ञान या मानविकी में स्नातकोत्तर या स्नातक डिग्री; या<br>(iii) यथास्थिति, इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया या इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट एंड मैनेजमेंट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की सदस्यता । |

3. भादूविप्रा द्वारा विषय संदर्भ में जारी किये रिक्ति परिपत्र क्रमांक 1-12/2025 दिनांक 18 नवंबर, 2025 के अन्य सभी तथ्य यथावत् रहेंगे।

4. ऑनलाईन आवेदन (URL: *https://vacancies.trai.gov.in* के माध्यम से) जमा करने / प्राप्त करने की अंतिम तिथि को दिनांक 20 जनवरी, 2026 तक बढ़ाया जाता है।

***क्रमशः....पृ/2***

5. यदि उपरोक्त हिंदी संस्करण में कोई त्रुटि पाई जाती है, तो इस मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

भवदीय,

**(दुर्गेन्द्र सिंह जादौन)**
वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी (मानव संसाधन)
दूरभाषः 011-26769631

**प्रतिलिपिः-**

1. विशेष कार्याधिकारी, अध्यक्ष, भादूविप्रा का कार्यालय
2. वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव, सदस्य, भादूविप्रा का कार्यालय
3. वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव, सचिव, भादूविप्रा का कार्यालय
4. सभी प्रधान सलाहकार / सलाहकार (मुख्यालय) एवं क्षेत्रीय कार्यालय, भादूविप्रा
5. संयुक्त सलाहकार (आई.टी.) - कृपया इसे भादूविप्रा की वेबसाइट पर अपलोड़ करने का कष्ट करें।
6. निदेशक (सी.एस. प्रभाग), कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, लोकनायक भवन, नई दिल्ली - *कृपया इसे कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग की वेबसाइट पर अपलोड़ करने का कष्ट करें*।
7. नोटिस बोर्ड